राजस्थान सरकार

कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी बानसूर (अलवर)

दूरभाष-01461232144 Email-bcmo_ban@rediffmail.com

क्रमांक / खण्ड / कोविड 19 / 2021 / 1150 दिनांक 7.07.2021

समस्त चिकित्सा अधिकारी प्रभारी
सामु..स्वा.केन्द्र / प्रा. स्वा. केन्द समस्त खण्ड बानसूर।

विषय – कोविड 19 की तृतीय लहर से निपटने के लिये आवश्यक दिशा निर्देश बाबत।

संदर्भ :– श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अलवर के पत्रांक मुख्य / कोविड19 / आईडीएसपी / 2021 / 1450 दिनांक 06.07.2021 ।

उपरोक्त विषयान्तर्गत एवं संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि राजस्थान में कोरोना कोविड की तृतीय लहर में 18 वर्ष तक बच्चो के अधिक प्रभावित होने की सभावना को देखते हुये एवं कोविड तृतीय लहर की रोकथाम के लिये पुख्ता तैयारिया सुनिश्चित करने के लिये निम्नलिखित दिशा निर्देश दिये जाते है –

1. वर्तमान समय में अलवर में 15 वर्ष तक बच्चों में डिफ्थिरिया, पर्टूटिस, मीजल्स रूबेला के केस सामने आ रहे है है इस बाबत निर्देश दिये जाते है कि सेक्टर स्तर पर विशेष टीकाकरण अभियान 15 जुलाई 2021 से चलाया जावे जिसके लिये माइक्रोप्लान तैयार कर दिनांक 10.07.2021 तक भिजवाना सुनिश्चित करे।
2. मौसमी बिमारियों के मध्यनजर गांव गांव ढाणी घर घर सर्वे कर बुखार के रोगियों की ब्लड स्लाइड तैयार कर जाचं करावे। साथ ही पुराने पानी से भरे कन्टेनर मटके, टंकी, कूलर आदि साप्ताहिक खाली करवाये एवं टेमिफोस, एमएलओ को छिडकाव करवाये।
3. सेक्टर के अधीन पदस्थापित समस्त हैल्थ वर्कर – एएनएम, जीएनएम, नर्सिंग स्टॉफ, सीएचओ, कोविड हेल्थ सहायक, को कोविड व मोसमी बीमारियों के सर्वे कार्य का प्रशिक्षण संबधित एलएचवी से दिलवाया जाना सुनिश्चित करे। साथ ही समस्त सीएचओ को एनसीडी स्क्रीनिंग करने का हेण्डआन प्रशिक्षण संबधित एनसीडी नर्सिंग स्टाफ से दिलवाया जाना सुनिचित करे।
4. ओक्सीजन कन्सेनट्रेटर का व्यवहारिक प्रशिक्षण चिकित्सा संस्थान पर कार्यरत समस्त कार्मिकों को दिलवाया जाना सुनिश्चित करे
5. उपरोक्त समस्त प्रशिक्षण अगामी 3 दिवस में पूर्ण कराकर सूचना इस कार्यालय को भिजवाना सुनिश्चित करे।

उपरोक्त निर्देशों की अक्षरशः पालना सुनिश्चित करे।

(डॉ. मनोज यादव)
खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बानसूर (अलवर)

क्रमांक / खण्ड / आरआई / 2021 / 1150 दिनांक 07.07.2021

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. श्रीमान श्रीमान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अलवर।
2. श्रीमान जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारी, बानसूर।
3. श्रीमान उप खण्ड अधिकारी बानसूर।
4. कार्यालय प्रति।

(डॉ. मनोज यादव)
खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी
बानसूर (अलवर)